on Action Taken by the Government on the recommendations contained in their Sixth Report of the Committee (Sixteenth Lok Sabha) on the subject 'Empowerment of Tribal Women'.

---

**LEAVE OF ABSENCE**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform Members that a letter has been received from Dr. Karan Singh, Member, stating that he is unable to attend the sittings of the Rajya Sabha on health grounds. He has, therefore, requested for grant of Leave of Absence from 27th March, to 12th April, 2017, during the current (242nd) Session of the Rajya Sabha.

Does he have the permission of the House for remaining absent from 27th March to 12th April, 2017, during the current (242nd) Session of the Rajya Sabha?

*(No hon. Member dissented)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I hope the House agrees. Permission to remain absent is granted.

---

**MATTERS RAISED WITH PERMISSION**

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Sir, I have a point to make.

DR. K.V.P. RAMACHANDRA RAO (Telangana): Sir, what happened to my calling attention?

**Non-filling up of backlog vacancies reserved for Backward Classes in Government Institutions and Public Sectors Undertakings**

**श्री शरद यादव** (बिहार): उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण मामला सदन में उठाना चाहता हूं। देश को आज़ाद हुए 70 वर्ष हो गए हैं और 27 वर्षों से पिछड़ी जाति के लोगों को यहां आरक्षण मिला हुआ है। यहां कोई सरकार रही हो, इस सरकार से भी प्रधान मंत्री से लेकर सब लोगों को पत्र लिखकर, मैंने कहा कि Educational Institutions में, आपके बैंकों में, Public Sector Undertakings में, सारे देश में जितनी भी सरकारी नौकरियां हैं, उनमें कहीं, allied services को छोड़कर, reservation का इतना backlog है कि उसके किस्से, उसकी कहानी नहीं कही जा सकती। एक देश America है जहां affirmative action हुआ है, वहां 0.5 प्रतिशत भी कम नहीं है। दूसरे हम लोग हैं कि सरकार की इस backlog को किसी तरह पूरा करने की जो सबसे बड़ी duty है, सबसे बड़ा

[श्री शरद यादव]

फर्ज है, अभी 150 नौजवान बच्चे allied services परीक्षा में पास हुए, उनका interview हुआ, exam हुआ। यहाँ बैठे हुए लोगों में एक आदमी भी वीकर सेक्शन का नहीं होता, चाहे शेड्यूल्ड कास्ट्स हो, शेड्यूल्ड ट्राइब्स या बैकवर्ड क्लास हो। वहाँ उनके बीच ये मुट्ठी भर लोग होते हैं। उन्होंने 150 बच्चों के बारे में आदेश दे दिया कि इन लोगों की आमदनी पता लगाओ। वे कोर्ट में गए, मैंने सरकार के मंत्री से कहा। यानी, मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि एक तरह से जो कदमताल की जाती है, देश भर में ऐसा मैसेज दिया जाता है कि बहुत काम हो रहा है।

हिन्दुस्तान में इनकी 80 फीसदी आबादी है, लेकिन 80 फीसदी आबादी का अभी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में -- यूपीए की सरकार में अर्जुन सिंह जी के समय इनको एजुकेशन में 27 फीसदी रिज़र्वेशन दिया। इसके लिए भारत सरकार की तरफ से पैसा भी चला गया। सरकार ने वहाँ पर बड़े पैमाने पर पैसा दिया कि 27 फीसदी पूरा करने के लिए आपको और पैसा दिया जाता है। सीटें कम की जा रही हैं, यानी 100 की जगह 5, 3 और 2 की जा रही है। पूरे देश में यूनिवर्सिटीज़ में जो वीकर सेक्शंस के लोग आ जाते थे, आपको मालूम है कि पूरे देश में आज उनकी हालत बुरी है। उत्तर भारत में एजुकेशन का हाल बुरा है, लोग नकल कर रहे हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यही निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार सबसे पहले बैकलॉग पूरा करे, जहाँ भर्ती नहीं हुई है, वहाँ भर्ती करने का काम कराए, जहाँ इन वीकर सेक्शंस के लोगों के साथ भेदभाव होता है, वहाँ उस भेदभाव को खत्म करने का काम करे। सरकार को पहला काम यह करना चाहिए, उसके बाद दूसरी कदमताल करनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**... ये कदमताल करके क्या करना चाहते हैं? कौन-सा काम करना चाहते हैं? ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापतिः** शरद जी, हो गया। ...**(व्यवधान)**...

**श्री शरद यादवः** महोदय, इस समस्या को ऐसे नहीं छोड़ा जा सकता। ...**(व्यवधान)**...

**श्री राम नाथ ठाकुर** (बिहार): सर, सरकार इस पर जवाब दे। ...**(व्यवधान)**... सरकार जवाब दे। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Ramgopalji, everybody is supporting that. ...*(Interruptions)*...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूँ।

**श्री नरेश अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूँ।

**श्री राम नाथ ठाकुरः** महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूँ।

**श्री प्रमोद तिवारी** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूँ।

**श्री परवेज़ हाशमी** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूँ।

श्री दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री पी.एल. पुनिया (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with what the hon. Member has said.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री किरनमय नन्दा (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री रवि प्रकाश वर्मा (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

SHRI ANAND BHASKAR RAPOLU (Telangana): Sir, I also associate myself with what the hon. Member has said.

श्री आलोक तिवारी (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री निरिज शेखर (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री जावेद अली खान (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

†**جناب جاوید علی خان (اتر پردیش) :** مہودے، میں بھی اس وشئے کے ساتھ خود کو سمبدّھ کرتا ہوں۔

श्री प्रदीप टम्टा (उत्तराखंड): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

श्री शमशेर सिंह ढुलो (पंजाब): महोदय, मैं भी इस विषय के साथ स्वयं को संबद्ध करता हूं।

SOME HON. MEMBERS: Sir, we also associate ourselves with what the hon. Member has said.

---

## RE. ISSUE OF RESERVATION AND BACKLOG VACANCIES OF SCs, STs and OBCs

श्री राम नाथ ठाकुर (बिहार): उपसभापति महोदय, मंत्री महोदय यहाँ मौजूद हैं। ...(व्यवधान)...

---

† Transliteration in Urdu script.